दिनांक 24 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मेयर की पहल से प्राथमिक स्कूल के भवन का होगा संधारण

-भवन संधारण के लिए अधिकारियों को महापौर ने दिए निर्देश

भिलाई। भिलाई नगर विधायक व महापौर देवेंद्र यादव आज सुबह 7 बजे छावनी हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां महापौर श्री यादव ने विधि विधान से हनुमानजी की पूजा अर्चना किए और हाथ जोड़ कर सभी भिलाइवासियो के संकट हरने के लिए संकट मोचन से प्रार्थना की। पूजा अर्चना करने के बाद महापौर श्री यादव को पुजारी ने बताया कि मंदिर में हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित करना चाहते है। सभी वार्ड 28 के नागरिकों ने भी महापौर से कहा कि मंदिर में हनुमानजी की भव्य प्रतिमा स्थापित किया जाए। जनता के मंसानुरूप महापौर ने घोषणा करते हुए कहा जल्द ही इस पुण्य काम को करेंगे और जल्द ही मंदिर में हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य होगा। इसके बाद महापौर श्री यादव ने वार्ड 28 के नागरिकों के साथ वार्ड का दौरा पर निकले। वार्ड वासियों ने उन्हें वार्ड की कुछ समस्याएं बताई। इस दौरान लोगो ने बताया कि सरकारी प्राथमिक स्कूल राजीव नगर छावनी का भवन जर्जर हो गया है। इस कारण बारिश के सीजन में स्कूल भवन में बारिस का पानी टपकता है। बच्चों को काफी परेशानी होती है। इस पर महापौर खुद मौके पर पहुंचे और स्कूल को देखा महापौर देवेंद्र यादव ने स्कूल की स्थिति को देख कर तत्काल अधिकारी को फोन लगाया और मौके पर बुलाया। , अरुण राय, श्री निवास गोस्वामी, विजय चौधरी, रामायण शुक्ला, गीता सिंग,परसडपति काली प्रसाद, पार्षद मार्तण्ड सिंह मनहर , केशव चौबे ,रामाराव आदि उपस्थित थे।

जनसंपर्क अधिकारी